वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 311 शनिवार 11 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## 'बेमी बाणयों' में हुई गफलत ने दर्शकों को खूब हंसाया

**जयपुर. कासं**

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कला, साहित्य,संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग तथा रविंद्र मंच जयपुर द्वारा टैगोर थिएटर का आयोजन किया जा रहा है। इसी योजना के तहत शुक्रवार को मंच पर नाटक' बेमी बाणयों' का मंचन किया गया। नाटक के लेखन मोलियर एवं राजस्थानी रूपांतरण सरताज नारायण माथुर ने किया। नाटक में दिखाया गया कि प्रेमी द्वारा प्रेमिका को दिए गए लॉकेट के किसी और के हाथ लग जाने से पात्रों के मध्य असमंसजता जन्म लेती है और वाद विवाद में परिवर्तित हो जाती है और यह विवाद दर्शकों का मनोरंजन करता है। अतिनाटकीय शैली का नाटक बेमी बाणयों दर्शकों को हंसाने में कोई कसर नहीं छोड़ता। नाटक में भव्य जैन, रिचा शर्मा, अनुकृति दुबे, मोहित कुमावत,विवेक जाखड़, निशांत साहू, स्वेता चोलागाई खत्री, विशाल कोडवानी, खुशबू बसंदानी, रोशिक परिहार, पंकज हेमनानी ने सशक्त अभिनय किया। मंच पर मंच प्रबंधक एवं वेशभूषा गरिमा सिंह और हितेश खत्री,संगीत संचालक और मंच सज्जा गिरीश यादव,की रही। प्रकाश संचालन अभिषेक मुद्गल ने किया।

# पालनहार योजना में अब मिलेगी ज्यादा सहायता राशि, सीएम ने दी मंजूरी

**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पालनहार योजना के तहत बच्चों को दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत के इस संवेदनशील निर्णय से प्रदेश के 6.5 लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे।**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पालनहार योजना के तहत बच्चों को दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत के इस संवेदनशील निर्णय से प्रदेश के 6.5 लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे। प्रस्ताव के अनुसार 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रतिमाह मिलने वाली 500 रुपए की सहायता राशि को बढ़ाकर 750 रुपए, 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग को मिलने वाली 1000 रुपए की सहायता राशि को बढ़ाकर 1500 रुपए कर दिया गया है। सहायता राशि में यह वृद्धि 1 जुलाई, 2023 से प्रभावी होगी। इसके क्रियान्वयन से राज्य सरकार पर लगभग 411 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। मुख्यमंत्री द्वारा बजट 2023-24 में की गई घोषणा के संबंध में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। आपको बता दें कि राज्य सरकार द्वारा संचालित पालनहार योजना के अंतर्गत 18 वर्ष



तक के विभिन्न निराश्रित बच्चों को सहायता राशि दी जाती है। इसमें अनाथ बच्चों, निराश्रित पेंशन की पात्र अथवा पुनर्विवाहित विधवा माता, तलाकशुदा/परित्यक्ता माता एवं नाता जाने वाली माता के बच्चों, विशेष योग्यजन, एच.आई.वी. अथवा कुष्ठ रोग से पीड़ित एवं मृत्युदण्ड/आजीवन कारावास प्राप्त माता/पिता के बच्चों को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा मासिक आर्थिक सहायता दी जा रही है।

## राज्य सड़क विकास निधि प्रबंध के नवगठित बोर्ड की पहली बैठक

# राजस्थान सड़कों पर ब्लैक स्पॉट दुरूस्त करने में देश में अग्रणी

**जयपुर. कासं**

सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में राजस्थान राज्य सड़क विकास निधि प्रबंध के नवगठित बोर्ड की पहली बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उन्हें दुरुस्त करने में पूरे देश में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि विभाग गैर सरकारी संस्थाओं से भी सुझाव लेकर सड़क तंत्र को और मजबूत बनाने का कार्य कर रहा है। जाटव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभाग राज्य में सड़क तंत्र को सुरक्षित और बेहतर करने का काम प्रमुखता से कर रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के गांवो तक सड़कों के किनारे साइन बोर्ड्स लगाकर वाहन चालकों को सुविधा प्रदान करें। सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कहा कि राज्य सड़क विकास निधि का उपयोग



राज्य की सड़कों के विकास पर किया जाएगा एवं सड़कों के विकास के लिए उत्तरदायी विभागों को यह बोर्ड निधियां आवंटित कर सकेगा। गालरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री और सार्वजनिक निर्माण मंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में सड़कों का निर्माण सतत एवं त्वरित गति से चल रहा है। शासन सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग चिन्न हरी मीणा ने कहा कि वाहन चालकों की सुरक्षा की दृष्टि से राज्य की सड़कों पर निर्धारित मानकों के आधार पर स्पीड ब्रेकर बनाए जा रहें है और सड़कों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था के लिए रोड़ लाइट लगाई जा रही है।

# कला, साहित्य, संगीत और नाटक का महाकुंभ मेला 23 मार्च से

## नाटक प्रणवीर प्रताप के मंचन से होगा चार दिवसीय आयोजन का आगाज

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थानी, ऊर्दू और हिंदी भाषा साहित्य के साथ संगीत, नाटक एवं कला के विविध रूपों से सज्जित चार दिवसीय महाकुंभ ''मेला'' का आयोजन आगामी 23 से 26 मार्च को होगा। मौलिक ऑर्गेनाईजेशन ऑफ क्रियेटिव एन्ड परफोर्मिंग आर्ट सोसायटी और राजस्थानी विभाग सुविवि के संयुक्त तत्वाधान एवं राजस्थान साहित्य अकादमी, ऊर्दू अकादमी, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र,पटियाला के सहयोग से भाषाई परम्पराओं और कला प्रोत्साहन के लिए इस बहुभाषीय साहित्य एवं कला महोत्सव 'मेला' (मर्जिंग एलिमेन्ट्स ऑफ लेंग्वेज एंड लिटरेचर) के पहले संस्करण का आयोजन लेकसिटी में होगा। उद्घाटन अवसर पर 23 मार्च की संध्या को नाटक 'प्रणवीर प्रताप' का मंचन होगा। समन्वयक शिवराज सोनवाल ने बताया कि राजस्थानी, उर्दू और हिंदी भाषाओं (रूह) की एक मंच पर मौजूदगी कला और भाषा के इस जश्न को रूहानियत देती हैं। राजस्थानी विभाग सुविवि प्रभारी सुरेश सालवी ने कहा कि युवा और उभरती प्रतिभाओं को मंच देना, आधुनिकीकरण के बीच लगभग खो चुकी खालिस भाषा और कला को पुनर्जीवित करना तथा तीनों भाषाओं के साहित्यकारों व कलाकारों को एक मंच पर लाकर अनूठा संगम स्थापित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

### कला व साहित्य जगत की नामचीन हस्तियां करेंगी शिरकत

मेला महोत्सव में भाग लेने देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से नामी हस्तियां उदयपुर आएंगी। 24 मार्च को राजस्थानी भाषा के दिन अर्जुनदेव चारण, आईदान सिंह भाटी, राजवीर सिंह चलकोई , पुरुषोत्तम पल्लव जैसे प्रसिद्ध चेहरे कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं, सांध्यकालीन सत्र में स्थानीय गायक कलाकर नारायण गंधर्व और मारिशा दीक्षित प्रस्तुति देंगे। इसी कड़ी में 25 मार्च का दिन उर्दू भाषा को समर्पित रहेगा। मेला उर्दू भाषा संयोजक डॉ. सरवत खान ने कहा कि महेंद्र मोदी, हदीस अंसारी, अब्दुल जब्बार, अश्विनी मित्तल उर्दू भाषा और शायरी के बीते दौर पर चर्चा करेंगे। शाम को प्रसिद्ध शायर आलोक श्रीवास्तव आलोकनामा पेश करेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में कला निदेशक मूर्तिकार हेमंत जोशी और मेला निदेशक कपिल पालीवाल ने भी विचार व्यक्त किए। मेला सलाहकार गौरीकांत शर्मा ने बताया कि समापन अवसर पर 26 मार्च को हिंदी भाषा के सत्र में गुलाबो सिताबो फेम संगीतकार अनुज गर्ग और गीतकार दिनेश पंत हिस्सा लेंगे। वहीं नाटककार भानु भारती , राजस्थान साहित्य अकादमी अध्यक्ष दुलाराम सहारण, वरिष्ठ पत्रकार प्रताप राव भी साहित्य के मायनों पर चर्चा करेंगें। मेला सह संयोजक रेखा शर्मा ने बताया कि स्त्री शक्ति एवं अभिव्यक्ति कार्यक्रम में विजयलक्ष्मी आमेटा, कनुप्रिया और आर जे दामिनी शामिल होंगे। दलित और आदिवासी लेखकों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर रत्नकुमार सांभरिया, उम्मेद गोठवाल राय रखेंगें। मेला मुख्य संयोजक चेतन औदीच्य ने कहा कि ये महोत्सव भाषा, कला और संस्कृति को जीवन से जोड़ने वाले ऐसे यज्ञ की शुरूआत है जहां आने वाले समय में हर कला और साहित्य अनुरागी को अपनी आहुति देनी होगी।

रिपोर्टः राकेश शर्मा 'राजदीप'
मोबाइलः 9829050939

**राजस्थानी विभाग सुविवि प्रभारी सुरेश सालवी ने कहा कि युवा और उभरती प्रतिभाओं को मंच देना, आधुनिकीकरण के बीच लगभग खो चुकी खालिस भाषा और कला को पुनर्जीवित करना तथा तीनों भाषाओं के साहित्यकारों व कलाकारों को एक मंच पर लाकर अनूठा संगम स्थापित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।**



**समन्वयक शिवराज सोनवाल ने बताया कि राजस्थानी, उर्दू और हिंदी भाषाओं (रूह) की एक मंच पर मौजूदगी कला और भाषा के इस जश्न को रूहानियत देती हैं। राजस्थानी विभाग सुविवि प्रभारी सुरेश सालवी ने कहा कि युवा और उभरती प्रतिभाओं को मंच देना, आधुनिकीकरण के बीच लगभग खो चुकी खालिस भाषा और कला को पुनर्जीवित करना तथा तीनों भाषाओं के साहित्यकारों व कलाकारों को एक मंच पर लाकर अनूठा संगम स्थापित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।**




# 5 दिवसीय ऑल इंडिया प्रिंट मेकर्स कैंप आज से

## दिल्ली, हरियाणा, वड़ोदरा, पुणे, जयपुर सहित अन्य हिस्सों से जुटेंगे कलाकार

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

झीलों की नगरी में आगामी पांच दिन दिल्ली, हरियाणा, पुणे, वड़ोदरा, राजस्थान सहित देश के अन्य कई राज्यों से अपनी अलग पहचान रखने वाले प्रिंट मेकर्स विभिन्न विधाओं में कला के फन का प्रदर्शन करेंगे। समन्वयक संदीप पालीवाल ने बताया कि अंबामाता स्कीम स्थित टखमण आर्ट सेंटर पर 11 मार्च से आयोजित इस शिविर का उद्घाटन शनिवार शाम 5 बजे राजस्थान ललित कला अकादमी अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास करेंगे। गौरतलब है कि इस शिविर में वड़ोदरा से पी डी धुमाल, जयंती रबाड़िया और विजय बाजोड़, पुणे से हिना भट्ट, हरियाणा से ईशु जिंदल, दिल्ली से शीतल चौधरी, जयपुर से विद्यासागर उपाध्याय और विनय शर्मा, उदयपुर से प्रो.सुरेश शर्मा, एल एल वर्मा, ललित शर्मा, आर के शर्मा, ज्योतिका राठौर, डिंपल चंडात, डॉ.एम एल जाट, डॉ. सुनील निमावत, डॉ. रघुनाथ शर्मा, संदीप पालीवाल और शाहिद परवेज भागीदारी निभाएंगे। समापन अवसर पर 15 मार्च को वरिष्ठ कलाकार पी डी धुमाल सहित प्रवासी हिना भट्ट और विमला उपाध्याय को सम्मानित किया जाएगा।

**समापन अवसर पर 15 मार्च को वरिष्ठ कलाकार पी डी धुमाल सहित प्रवासी हिना भट्ट और विमला उपाध्याय को सम्मानित किया जाएगा।**

रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल:9829050939

# मधु लुहाडिया अध्यक्ष चुनी गई



## णमोकार महामंत्र का जाप किया

टोंक। कोठारी भवन पुरानी टोंक में कनक महिला मंडल की मीटिंग का आयोजन हुआ एवं णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। संजू सोनी ने बताया कि कोठारी भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम कनक श्री माता जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात संगीतमय णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। द्विवर्षीय कार्यकाल के तहत कनक महिला मंडल के चुनाव संपन्न हुए जिसमें संरक्षक संतरा सोनी, उषा कोठारी, अध्यक्ष मधु लुहाड़िया, महामंत्री मंजू सोनी, उपाध्यक्ष अनीता चौधरी, कोषाध्यक्ष अनीता अनोपड़ा, मंत्री संजू बिलासपुरिया, सह कोषाध्यक्ष इंदिरा सोनी को चुना गया। इस अवसर पर कम्मो देवी, सरोज बज, प्रेमलता पाटनी, पिंकी जैन, मंजू जैन, बीना गोधा, चंद्रकांता जैन आदि मौजूद थी।

# धूमधाम से मना होली स्नेह मिलन समारोह




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान कपड़ा एवं साड़ी व्यवसाय संघ का होली स्नेह मिलन समारोह नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां सभागार में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सन्नी म्यूजिकल ग्रुप ने फाग रचनाओं से माहौल को इन्द्रधनुषीय बना दिया। अध्यक्ष ओमप्रकाश तनेजा व कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश राणा ने बताया कि इस मौके पर सन्नी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार सन्नी चक्रधारी व सुरेश माथुर ने होलिया में उड़े रे गुलाल...आयो फागुण को त्यौहार...होल आई रे...जैसी रचनाओं से माहौल को इन्द्रधनुषीय रंगों से सराबोर कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के लिए लक्की ड्रॉ भी रखा गया, जिनमें श्रेष्ठ रहे 4 लोगों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राणा, सचिव सोहन लाल अग्रवाल, सचिव नरेश गगोलानी, संगठन मंत्री राम अवतार गोयल व कैलाश कुमार अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## वेद ज्ञान

### झूठ के अंधेरे...

सत्य साध्य है और असत्य श्रमसाध्य। हम बड़े प्रयास से निरंतर अपने को ढंकते जाते हैं और तब गढ़ते हैं असत्य की प्रतिमा। सत्य शिशु का स्वभाव है। असत्य को ग्रहण करने में उसे बड़ा श्रम करना पड़ता है। एक सत्य को छिपाने में हमें अनेक झूठ का सहारा लेना पड़ता है। शिशु स्वभाव से निष्छल होता है, परंतु हम बड़े श्रम से उसे असत्य सिखाते रहते हैं। हमारी यह मिथ्या धारणा है कि उसे दुनियादार बनाने के लिए असत्य सिखाना जरूरी है। ऐसा करते रहने से परत-दर-परत उसके भीतर का सूर्य ढंकता चला जाता है और वह झूठ के अंधेरे में भटकने के लिए मजबूर हो जाता है। अबोध बालक शत्रु-मित्र में भेद करना नहीं जानता है। वह दोनों को देखकर मुस्करा देता है और दोनों की गोद में जाने के लिए आतुर दिखाई देता है। हम उसके मन में भेद पैदा करते हैं। बालक के कोमल मन पर हम बड़े सलीके से असत्य के विष का लेप करते रहते हैं। वह तो निरंतर समभाव में रहता है। उसके भीतर नफरत की दीवार हम खड़ी करते हैं। बालक दरिद्र- संपन्न, कुलीन-अकुलीन, धर्म-पंथ, स्पृश्य-अस्पृश्य में भेद नहीं देखता। हम उसके सामने वर्जनाओं की बाधाएं खड़ी कर देते हैं, जिसके फलस्वरूप वह सत्य के मार्ग से भटक जाता है। यही उसे हैवान बना देती है। हर व्यक्ति दावे के साथ कहता है कि उसे असत्य से नफरत है। मुझसे सत्य छिपाया नहीं जाता, परंतु होता है इसके उलटा। पति पत्नी से, मित्र मित्र से, सहयोगी अधिकारी से सत्य को छिपाता है। जब हम पग-पग पर असत्य का व्यवहार करेंगे तो सत्य का दीदार कैसे होगा? असत्य हमारे भीतर इतना गहरा पैठ गया है कि धुरंधर तत्वचिंतक भी दोहरी मान्यताएं ढोते रहते हैं। सत्य का सौरभ पाने के लिए मन की कुटिलताएं और चित्त की काई को साधना के मंजन से साफ करना होगा। सत्य के अमूल्य रत्न को पाने के लिए हमें कुछ मूल्य तो चुकाना ही होगा। वह मूल्य चुकाया था हमारे ऋषियों ने। वे सत्य की खोज में जंगलों और पहाड़ों में अखंड साधना करते रहे। चीनी यात्री व्हेनसांग ज्ञान की खोज में भारत आया था। सत्य की तलाश में वह गुरुकुलों और आश्रमों में गया। यहां से योग्य शिष्यों को लेकर चीन वापस गया और वहां सत्य के ज्ञान का बीज बोया। व्हेनसांग भारतीय धर्म-दर्शन की कुछ पांडुलिपियों को साथ ले गया, जिनमें साधना का सार था।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार पर वार या राजनीतिक लड़ाई?

भाजपा शुरू से दम भरती रही है कि वह किसी भी रूप में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं कर सकती। अभी तक विपक्षी दल केंद्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग जैसी केंद्रीय जांच एजंसियों के दुरुपयोग का जबानी आरोप लगाती रही हैं, मगर अब उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर यह बात कही है। इस पत्र में नौ विपक्षी नेताओं के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने इस पत्र में उन नेताओं के नाम भी गिनाए हैं, जिन्हें ये एजंसियां बेवजह परेशान कर रही हैं। उनमें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का भी नाम है। इसके अलावा उन लोगों के भी नाम बताए गए हैं, जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे, मगर जब उन्होंने पाला बदल कर भाजपा का दामन पकड़ लिया तो जांच एजंसियों ने उनकी तरफ से मुंह फेर लिया। हालांकि ये आरोप नए नहीं हैं कि सत्तापक्ष राजनीतिक रंजिश के चलते जांच एजंसियों के जरिए अपने विरोधियों को परेशान करने का प्रयास करता है। जो भी राजनीतिक दल विपक्ष में होता है, वह बहुत आसानी से यह बात कह देता है। मगर शायद यह पहली बार है, जब नौ विपक्षी दलों ने मिल कर प्रधानमंत्री से इस बात की शिकायत की है। भाजपा ने इसके जवाब में कहा है कि विपक्षी पार्टियां एक-दूसरे को बचाने में लगी हैं। सत्ता में रहते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार को जैसे अपना अधिकार समझा। भाजपा शुरू से दम भरती रही है कि वह किसी भी रूप में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं कर सकती। यह भी सही है कि भाजपा के केंद्र में आने के बाद भ्रष्टाचार के मामलों में जितने छापे पड़े हैं, शायद उतने किसी और सरकार के समय नहीं पड़े होंगे। यह अच्छी बात है कि कोई सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की दिशा में पहल करे। मगर इन छापों से निकले नतीजे निराश ही करते हैं। बहुत कम मामलों में लोगों को दोषी पाया गया है। ज्यादातर मामलों में जांच एजंसियों की लंबी कवायदें बेनतीजा ही साबित हुई हैं। फिर अधिकतर छापे केवल उन्हीं लोगों पर पड़े हैं, जिनका ताल्लुक सत्तापक्ष से नहीं है। ऐसे में यह सवाल बार-बार पूछा जाता रहा है कि क्या वास्तव में सत्तापक्ष में कोई ऐसा नहीं, जिसके खिलाफ अनियमितता की शिकायतें हों। फिर ऐसे अनेक नेता हैं, जो पहले किसी दूसरी राजनीतिक पार्टी में थे और भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में जांच एजंसियों के सवालों का सामना कर रहे थे, मगर जैसे ही वे भाजपा में आए, उनके खिलाफ चल रही जांचें ठंडे बस्ते में चली गईं। इसलिए जांच एजेंसियों पर स्वाभाविक रूप से आरोप लगने शुरू हुए कि वे केंद्र के इशारे पर काम कर रही हैं। भ्रष्टाचार हमारे देश की तरक्की में बहुत बड़ा रोड़ा है। इसके चलते संवैधानिक तकाजे पूरे नहीं हो पाते। कुछ दिनों पहले सर्वोच्च न्यायालय ने इसे कैंसर की तरह फैला हुआ बताया। निस्संदेह इस प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए, तभी संपत्ति के असमान वितरण पर रोक लग सकेगी और स्वस्थ रूप से समाज और अर्थव्यवस्था का विकास हो सकेगा।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# मोटापा...

खानपान की बदलती आदतों की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को लेकर समय-समय पर अध्ययन आते और चिंता जताई जाती रहती है। मगर सच्चाई यह है कि इस दिशा में गंभीरता से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। भारत में डिब्बाबंद और तुरंता आहार खाने की आदतों के चलते बच्चों में बढ़ते मोटापे को लेकर आई ताजा रपट में कहा गया है कि अगर खानपान की यही आदतें बनी रहीं, तो अगले बारह सालों में मोटापा बढ़ने की दर लड़कों में बारह फीसद और लड़कियों में सात फीसद तक पहुंच सकती है। इसका देश के सकल घरेलू उत्पाद पर 1.8 फीसद तक प्रभाव पड़ेगा। ऐसे देशों में कभी आर्थिक और सामाजिक खुशहाली का वातावरण नहीं बन सकता, जहां के नागरिक बीमारियों से घिरे हों और वहां की सरकारों को स्वास्थ्य के मद में अधिक खर्च करना पड़ता हो। इस दृष्टि से भारत में बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे बुरे असर को लेकर चिंता स्वाभाविक है। इस समस्या की बड़ी वजह कारखाने में बने डिब्बाबंद और तुरंता आहार बताए जा रहे हैं, इसलिए पहली नजर में सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि इस तरह के खाद्य के चलन और उनके प्रचार-प्रसार पर नियंत्रण करें। मगर यह केवल सरकारों के प्रयास से संभव नहीं है। नागरिक सहभागिता भी जरूरी है। अब बड़े शहरों तो क्या, छोटे कस्बों और गांवों तक में कारखानों में तैयार तुरंता आहार और पेय आसानी से उपलब्ध हैं। बच्चे स्वाभाविक रूप से उनके प्रति आकर्षित होते हैं। माता-पिता भी लाड़-प्यार या नासमझी में बच्चों को ऐसे खाद्य देने से परहेज नहीं करते। अब तो कई खाद्य इस तरह बच्चों के जीवन का हिस्सा बन चुके हैं कि माता-पिता ने भी स्वीकार कर लिया है कि हल्की-फुल्की भूख में तुरंता आहार ही विकल्प हैं। जबसे बहुत सारी कंपनियां घर-घर सामान और खाना पहुंचाने के धंधे से जुड़ गई हैं, तबसे डिब्बाबंद खाद्य का कारोबार लगातार ऊपर की तरफ चढ़ रहा है। निस्संदेह इससे सरकारों को राजस्व की कमाई बढ़ रही है। मगर इन खाद्य पदार्थों में किस तरह के हानिकारक पदार्थ शामिल हैं, उनकी जांच का अभी तक कोई पुख्ता तंत्र नहीं विकसित हो सका है। खाद्य अपसंस्करण नियंत्रण विभाग जरूर कभी-कभार शिकायत मिलने पर उनकी गुणवत्ता जांचने का प्रयास करता है, मगर यह नियमित प्रक्रिया नहीं है। इसी ढिलाई का नतीजा है कि स्थानीय स्तर पर भी बहुत सारे तुरंता आहार बनाने वाले कारखाने खुलते और कारोबार करते देखे जाते हैं। जबकि तुरंता आहार के कारोबार में शामिल नामी बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक के उत्पाद की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं। यह ठीक है कि बच्चों की खानपान की आदतें विकसित करने में माता-पिता की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है, मगर जब भ्रामक विज्ञापनों और धुआंधार प्रचार-प्रसार के जरिए उपभोक्ता के दिमाग पर हमला कर यह धारणा बनाने में कामयाबी हासिल कर ली गई हो कि तुरंता और डिब्बाबंद आहार बच्चों की सेहत के लिए जरूरी हैं, तो फिर कंपनियों की इस धोखाधड़ी पर नकेल कसने की जिम्मेदारी आखिरकार सरकारों पर आ जाती है। हर साल अलग-अलग अध्ययनों में बताया जाता है कि किन-किन खाद्य पदार्थों का सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है, फिर भी प्रशासन उनके खिलाफ कोई कड़े कदम उठाता नजर नहीं आता। फिर, जब किसी चीज का बुरा असर एक बड़ी आबादी की सेहत पर पड़ रहा है, तो सरकार हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकती।

# डॉ गौरव और दीपशिखा ने साहिर के नग्मों से बांधा समा




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

होली और महिला दिवस के अवसर पर मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी की 102 वी जयंती के मौके पर राजस्थान उर्दू अकादमी और जवाहर कला केंद्र की ओर से साहिर की परछाइयां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान उर्दू अकादमी के अध्यक्ष डॉ हुसैन रजा खान ने बताया कि इस मौके पर प्रख्यात गायक युगल डॉ गौरव और दीपशिखा जैन ने साहिर लुधियानवी के एक से बढ़कर एक नगमों को अपनी आवाज में पिरोया। उन्होंने जुर्म ए उल्फत,मन रे तू काहे, अभी ना जाओ छोड़ कर, जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा जैसे गीतों से महफिल सजाई। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि आईआरएस अधिकारी एवं गायिका रोली अग्रवाल ने 'तुम अपना रंजो गम' पेश की। इस दौरान डॉ जेबा जीनत में साहिर पर तकरीर पेश की। आर एस अधिकारी सना सिद्दीकी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का संचालन अनुराग भारद्वाज ने किया। कीबोर्ड पर कपिल बालोदिया , ढोलक पर पावन डांगी ,ऑक्टोपैड पर इरशाद खान ने संगत की।

# आर्यिका सूत्रमति माताजी संघ गाजेबाजे के साथ निवाई से हुआ मंगल विहार

**विमल जौंला. शाबाश इंडिया**

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका सूत्रमति माताजी ससंघ का मंगल विहार शुक्रवार को श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर से टोंक के लिए गाजेबाजे के साथ हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि आचार्य सुनील सागर महाराज की शिष्या आर्यिका सूत्रमति माताजी सहित 6 पिच्छीधारी आर्यिकाओ का शुक्रवार को अग्रवाल जैन मंदिर से विहार कर झिलाय रोड अहिंसा सर्किल बस स्टैंड वैयरहाउस होते हुए बरोनी पहुंचे जहाँ समाजसेवी विरेन्द्र जैन शिवाड़ नवरत्न टोंग्या विमल सोगानी शिखरचंद सिरस प्रेमचंद सोगानी मुकेश बनेठा विमल जौंला पुनीत संधी आशा सिरस नीना जैन सुरभि जैन उर्मिला सोगानी शशी सोगानी पिंकी कठमाणा बीना जैन मुन्नीदेवी सोगानी निशा जौंला आशी जौंला सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आर्यिका माताजी की अगुवानी की।



# महिला दिवस पर 51 ग्रामीण बालिकाओं व महिलाओं ने सीखी सुदर्शन क्रिया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बस्सी तहसील के कल्याणपुरा गांव की 50 से भी अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं ने महिला दिवस के अवसर पर आरंभ हुए आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम के तहत योग, प्राणयाम व सुदर्शन क्रिया सिखाई गई । हैप्पीनेस प्रोग्राम का यह 5 दिवसीय (8 से 12 मार्च) विशेष शिविर एकाकन्या के परिणीति प्रोजेक्ट और आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त प्रयासों से संभव हो पाया। परिणीति प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर श्रीमती रंजीता पारीक ने बताया कि उनकी संस्था प्रमुख डॉ.चांदना भट्टाचार्य बालिकाओं के उत्थान हेतु सतत प्रयासरत रहती हैं इस शिविर का आयोजन अभी तक किये प्रयासों मे से एक सर्वश्रेष्ठ प्रयास है। आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षकों राजेश पाराशर जी एवं डॉ आभा जी ने पूरी आत्मीयता और लगन के साथ सफल व आनंदित जीवन हेतु प्रशिक्षण दे रहे हैं। बलिकाओं और नव युवतियों को जीवन में आत्म विश्वास से भरपूर कुशलता पूर्ण जीवन जीने के लिए योग एवं ध्यान का महत्त्व समझ कर उसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी प्रतिभागियो ने जाना कि प्रतिकूल परिस्थितियो मै मन को संभालना ही कला है। बालिकाओं के परिजनों हेतु भी शीघ्र इसी तरह का शिविर आयोजित कराया जायेगा ।

# पारस विहार में अष्टान्हिका महापर्व पर विश्व शान्ति महायज्ञ की पुर्णाहुतिया संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य उपाध्याय उर्जयंत सागर जी मुनिराज के सानिध्य में चिंतामणी पार्श्वनाथ दिगंम्बर जैन मंदिर, पारस विहार, में अष्टान्हिका महापर्व के समापन के पश्चात 9वे दिन विश्व शान्ति महायज्ञ की पुर्णाहुतिया सकल दिगंबर जैन समाज की सहभागिता से सम्पन्न हुई। मंत्री प्रमोद बाकलीवाल ने बताया आज प्रातः अभिषेक एवं शान्ति धारा के पुर्ण्याजक भागचंद -रतन देवी,अशोक, अरुण-शशि,शुभम-रुचि,रेवड़ी वाले परिवार,तारो की कूट, टोंक रोड़, निर्मल कुमार-बीना, प्रतीक, पायल, प्राही बोहरा, सांगानेर, मोतीलाल जी-संतोष छाबड़ा,सिवाड़ वालेमहामण्ड़ल विधान के मुख्य संयोजक पवन कुमार गोदीका ने बताया कि सिद्धो की महाअराधना महापर्व पंडित सुरेन्द्र जी सलूम्बर वालो ने अपने मुखारविंद से बोल कर महायज्ञ की पूर्णाहुतिया सकल दिगंबर जैन समाज से दिलाकर आयोजन को सम्पुर्ण कराया।मुख्य कलश पुण्यांजक :- तारा चंद जैन(स्वीट कैटर्स)ज्ञाप्य कलश पुण्यांजक;- राकेश कुमार ,सुखानंद, सारंग काला,दुर्गापुरा, जयपुर।झंड़ो रोहण कलश पुण्यांजक;-देव प्रकाश खण्डाकामंगल कलश पुण्यांजक:-देवी नंदन , महुआ।मंगल कलश के पुण्यांजक:-पवन कुमार-सरोज,प्रतीक-रुचि आद्या, मानवी गोदीका को ऊर्जयन्त सागर जी गुरुदेव ने कलश वितरण करते हुए मंगल कामना से साथ सभी साधर्मी भक्तो को आशीर्वाद प्रदान किया।कार्यक्रम मे जयपुर जैन समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने सहयोग किया और अपने जीवन में पुण्यंजन का संचय किया।





# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप डायमंड जयपुर का शपथ ग्रहण समारोह

## होली के रंग ईसर गणगौर के संग के साथ शानदार कार्यक्रम सम्पन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



होटल शिव पैलेस देवीनगर, श्यामनगर , सोडाला जयपुर मे शपथ ग्रहण समारोह होली के रंग ईसर गणगौर के संग कार्यक्रम शानदार प्रस्तुति के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जयपुर में शपथ विधि अधिकारी के रुप में फेडरेशन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशकमल संगीता अजमेरा , जयपुर रीजन अध्यक्ष राजेश सीमा बड़जात्या, रीजन सचिव निर्मल सरला संघी, रीजन कोषाध्यक्ष पारस मंजू जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम रीजन पदाधिकारी व ग्रुप सदस्यों का चुन्नी व तिलक लगाकर स्वागत किया गया । अध्यक्ष प्रमोद सोनल जैन व सचिव रमेश संजना छाबड़ा ने बताया की ईसर गणगौर के रूप में टीकम दीपशिखा व राजकुमार चंदा सेठी विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहे । ग्रुप सदस्यों को होली पर पेयर गेम खिलाया गया जिसमें सभी ने आनन्द लिया । तत्पश्चात डीजे पर रीजन अध्यक्ष के साथ होली के गानों पर जमकर डांस किया साथ में फूलों की होली खेली व ठंडाई का लुत्फ भी उठाया। कोषाध्यक्ष सुरेश आभा गंगवाल ने बताया कि रीजन अध्यक्ष व फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने डायमंड की वर्ष 2023 की कार्यकारिणी को खुशनुमा माहौल में शपथ दिलाई। अंत में होली थीम पर हाऊजी खिलाकर व ईनाम वितरित कर प्रोग्राम से विदा ली।

# तिलक होली मनाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य भारत गौरव आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज जी के आशीर्वाद से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पावन पर्व पर पुलक मंच परिवार महारानी फार्म गायत्री नगर की ओर से आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर महारानी फार्म गायत्री नगर जयपुर में 75 ग्राम केसर प्रदान की गई,एवं तिलक होली मनाई गई। पुलक मंच परिवार की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या ने बताया कि इस अवसर पर गायत्री नगर शाखा के महामंत्री महावीर सोनी, रेखा झांझरी, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन, संरक्षक अनिल टोंग्या, निर्मल सेठी,प्रदीप बाकलीवाल, विमला जैन, ज्योति जैन, गुड्डी पाटनी, रेखा पापडीवाल अनीता बडजात्या, रशिम तोतुका, राखी पाटनी, मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, महामंत्री राजेश बोहरा उपाध्यक्ष अरुण शाह, अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर, पुलक मंच परिवार एवं समाज के अन्य गणमान्य महानुभव, महिला- पुरूष उपस्थित थे। संचालन बीना टोंग्या ने किया, आभार रेखा झांझरी ने व्यक्त किया।



# अलायस क्लब द्वारा प्रेरणा स्कूल नवलगढ के वार्षिक उत्सव पर सौ पौधे वितरित किये गये



सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया

**सीकर।** नवलगढ की प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान प्रेरणा हायर सैकण्डरी स्कूल के वार्षिक उत्सव पर वृक्षमित्र श्रवण कुमार जाखड सेवानिवृत व्याख्याता के सौजन्य से अलायस क्लब द्वारा पर्यावरण सरक्षण के लिये विभिन्न प्रकार के सौ पौधे गमलो सहित स्कूल के व्याख्याताओं व विद्यार्थियों को वितरित किये गये। ज्ञात रहे प्रेरणा स्कूल सामाजिक सरोकारों मे वृक्षारोपण में गंगाधरजी सुण्डा के नेतृत्व मे हजारों वृक्ष लगा चुके है वृक्षमित्र श्रवण कुमार जाखड ने भी अपने जीवनकाल मे करीब 57000 पौधे विभिन्न स्कूलों संस्थाओ गांवो शहरों में लगा चुके है आप इसके लिये कई बार सम्मानित भी हो चुके है। कार्यक्रम मे पूर्व अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दयाषंकर जांगिड पूर्व प्रांतपाल गंगाधर सिंह सुण्डा वृक्षमित्र श्रवण कुमार जाखड, स्कूल के निदेशक मनोज यादव पूर्व प्रांतपाल मुरली मनोहर चोबदार, पूर्व प्रांतपाल व पीआरओ सुरेन्द्र ख्यालिया सह प्रांतपाल जगदीश प्रसाद जांगिड़ सचिव के डीडवानिया पंकज शाह मुकेश कुमार जाखड व्याख्याता एक्सिस बैंक मैनेजर पुष्पेन्द्र जी अलायंस के पत्रकार सदस्य ओमप्रकाश सैनी, स्कूल के अध्यापक नवलगढ व आसपास के गणमान्य नागरिक विद्यार्थी व परिजन उपस्थित रहे। स्कूल के कार्यक्रम में उपरोक्त अतिथियों का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये। अतिथियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों व षिक्षकों का सम्मान किया गया।

# वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन



सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया

**सीकर।** राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय रोरू बड़ी सीकर में वार्षिकोत्सव पूर्व विद्यार्थी अध्यापक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बीरबल ढाका ने की। संस्था निदेशक नेमीचंद ढाका ने बताया कि छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी व कार्यक्रम में विद्यालय के राजकीय सेवा में कार्यरत पूर्व छात्रों, पूर्व अध्यापकों, विद्यालय स्टाफ और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर वृक्ष मित्र एवं पूर्व व्याख्याता सरवन कुमार सांखू द्वारा अतिथियों व छात्र छात्राओं को पौधे वितरित कर विद्यालय के प्रधानाचार्य नेमीचंद ढाका को वृक्ष मित्र के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उइएड लक्ष्मणगढ़ रामनिवास शर्मा ढएएड जितेंद्र सिंह , रोरू बड़ी के सरपंच महेंद्र गुर्जर, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राज गोदारा, बीपीएस निर्देशक रामस्वरूप महला, केशवानंद स्कूल रिणु निर्देशक महावीर सिंह ख्यलिया, राजस्थान स्कूल खिरवा प्रबंधक हरलाल सिंह पूनिया, रामा निकेतन लक्ष्मणगढ़ निदेशक राजेंद्र सिंह, केशवानंद स्कूल बादूसर से हरफूल , पीएलबी स्कूल राजास से संजीव कुमार, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डागरा से प्रधानाचार्य रामचंद्र , राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजास के प्रधानाचार्य विद्याधर , अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सुभाष ने किया।

### मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

# 50 खादी संस्थाओं/समितियों का होगा आधुनिकीकरण

### खादी उत्पादों की हो सकेगी बेहतर मार्केटिंग

जयपुर. कासं

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खादी संस्थाओं/समितियों के आधुनिकीकरण हेतु 55 लाख रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। उक्त राशि से 50 खादी संस्थाओं और समितियों को डेस्कटोप कम्प्यूटर, मल्टीफंक्शन प्रिंटर एवं यूपीएस उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रदेश में खादी का उपयोग बढ़ाने के साथ-साथ खादी संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से श्री गहलोत ने 2023-24 के बजट में राज्य की 50 खादी संस्थाओं/समितियों का आधुनिकीकरण करने की घोषणा की थी, ताकि वे अपने उत्पादों की अच्छी मार्केटिंग कर सकें। उक्त बजट घोषणा की अनुपालना में यह स्वीकृति दी गई है।


# श्री संदीप-नीलम छाबड़ा

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ

(11 मार्च) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं




शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# सिद्धचक्र महामंडल विधान का हुआ भव्यता के साथ समापन

## पूज्यार्थियों द्वारा विधान पर 2040 अर्घ्य किए समर्पित



**फागी. शाबाश इंडिया।** धर्म परायण नगरी फागी कस्बे में आचार्य 108 श्री इंद्र नंदी जी महाराज, मुनि क्षमानंदी जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में चल रहे अष्टाह्निका महापर्व में सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्यता के साथ आज समापन हुआ कार्यक्रम में जैन समाज के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबु गोधा ने अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रम का जगदीश प्रसाद, कैलाशचंद , हनुमान प्रसाद, सीताराम ,अशोक कुमार, विनोद कलवाड़ा, भरत लाल कलवाड़ा परिवार की तरफ से 27 फरवरी से 8 मार्च तक चल रहे सिद्धचक्र महामंडल का विभिन्न कार्यक्रमो के द्वारा भव्यता के साथ समापन हुआ कार्यक्रम में प्रातः श्री जी का अभिषेक, विश्व कल्याण हेतु वृहद् शांतिधारा की गई , श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में श्रावको ने 2040 अर्घ समर्पित किए तथा मां सरस्वती का पूजन किया। कार्यक्रम में आचार्य इंद्र नंदी जी महाराज ने बताया कि सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूजा अर्चना करने से मनुष्य के सभी दुखों का निवारण होता है पाप,ताप संताप सहित अन्य कष्टों से छुटकारा मिलता है,कार्यक्रम में प्रतिष्ठा आचार्य पंडित मनोज शास्त्री बगरोही (मध्य प्रदेश)ने विभिन्न मंत्रोच्चारणो के द्वारा सभी धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न करवायी। गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में कलवाड़ा परिवार द्वारा मुनि संघ का पाद प्रक्षालन कर शास्त्र जी भेंट किए गए एवं आचार्य श्री की भक्ति भाव से पूजा की गई।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# भाजपा मुख्यालय पर 12 को पदाधिकारियों की बैठक, अहम विषयों पर होगी चर्चा

**जयपुर. कासं।** भाजपा मुख्यालय पर 12 मार्च को प्रदेश पदाधिकारियों की अहम बैठक होने जा रही है। इस बैठक में पार्टी की ओर से आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा के साथ ही चुनाव तैयारियों को लेकर भी चर्चा होगी। बैठक में प्रभारी अरुण सिंह भी शामिल हो सकते हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। इसके मद्देनजर प्रदेश की गहलोत सरकार को जनविरोधी मुद्दों पर घेरने के लिए कुछ ही समय बचा है। बैठक में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही जिलों में 15 मार्च से शुरू होने वाले धरने-प्रदर्शनों पर भी बैठक में चर्चा की जाएगी। बैठक में पार्टी की ओर से पिछले दिनों किए गए आंदोलनों व अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में मोदी सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही पन्ना प्रमुख, विस्तारक सहित कई कार्यक्रमों की समीक्षा भी की जाएगी।





श्री भीम जी काकरवाल
श्रीमती राधा जी काकरवाल
मोबाइल नंबर : 9829012688




गौ माता सेवार्थ ग्रुप दुर्गापुरा गौशाला के सम्मानित सदस्य को
वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
शुभकामनाओं सहित
अशोक जैन, गोपी अग्रवाल, कमल अग्रवाल, हनुमान सोनी एवं गौ माता सेवार्थ ग्रुप परिवार






# अप टू डेट ग्रुप ने मनाया होली फागोत्सव

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जगतपुरा स्थित रिसोर्ट में अप टू डेट ग्रुप का फागोत्सव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष ज्ञानचंद ममता जैन एवं सचिव विवेक कविता कासलीवाल ने बताया कार्यक्रम में फूलों की होली और राधा-कृष्ण की लीलाएं रहीं मुख्य आकर्षण। गुलाल लगाकर सदस्यों ने खेली फूलो की होली। सहसचिव विशांत भानुप्रिया ने तिलक साफा लगाकर नए सदस्यों का स्वागत किया।इस अवसर पर रिसॉर्ट कलाकारों ने कालबेलिया एवं ढप, चंग की थाप फाल्गुनी गीतों के साथ मनमोहक प्रस्तुतियां दी।इस अवसर पर उपाध्यक्ष विकास डिम्पल एवं कोषाध्यक्ष निर्मल पिंकी द्वारा नॉर्थन रिजन के मनोनीत सहसचिव डॉ राजीव जैन का बुके और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया।उन्होंने सभी सदस्यों को होली की बधाई दी। अंत में संयोजको विनीत मोनिका, अभिषेक शिप्रा, मनोज स्वाति द्वारा म्यूजिकल होली हाउजी से कार्यक्रम का समापन हुआ ।

# दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान प्रारंभ

## ध्वजारोहण के साथ महायज्ञ का हुआ शुभारंभ। सोलह मार्च तक थूवोनजी में वहेगी भक्ति की धारा: विजय धुर्रा



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमणमुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी के आशीर्वाद से आज प्रातः काल कि वेला में ध्वजारोहण एवं थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के महाभिषेक के साथ हो गया। समारोह के प्रारंभ में घटयात्रा निकाली गई जो बड़े बाबा जिनालय पहुंच कर धर्म सभा में वदल गई जहां मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने कहाकि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य आध्यात्मिक संत मुनि पुगंव श्रीसुधासागर जी महाराज केआशीर्वाद से परम भक्त श्रावक श्रेष्ठी रूप चन्द्र धनकुमार मनीष कुमार आलोक कुमार रानीपुर परिवार द्वारा सिद्धों की महा आराधना का भाव सजाया गया है सोलह तारीख तक अव अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में भक्ति की धारा वहेगी इस ज्ञान की गंगा में भक्ति से सराबोर होश्रवाक भगवान का गुणगान कर अपने पुण्य की झोली भरेंगे जो यहां आयेंगा वह लाभ उठाया इस दौरान ब्रह्मचारी राजेन्द्र भ इया के निर्देशन में मंडल शुद्धि पात्र शुद्धि मंडल प्रतिष्ठा सक्लीकरण एवं पात्र चयन किया गया।

# भीलवाड़ा से 116 व राजस्थान से 1368 तीर्थयात्री सम्मेद शिखर की यात्रा के लिए रवाना



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** बिहार की पवित्र धरा में स्थित जैन धर्म के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थानों के साथ जैन सोशल ग्रुप द्वारा सम्मेद शिखर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जैन सोशल ग्रुप भीलवाड़ा मेन के अध्यक्ष राजेंद्र गोखरू ने बताया कि विश्व भर से अनेक जैन तीर्थ यात्री हर वर्ष सम्मेद शिखर यात्रा पर आते हैं। 11 मार्च से 18 मार्च तक के दौरान होने वाली इस यात्रा में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 1368 तीर्थयात्री हिस्सा लेंगे। शास्त्री नगर मैन सेक्टर स्थित गोखरू निवास से भीलवाड़ा से 116 तीर्थ यात्री बसों द्वारा आज जयपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्रीमती पुष्पा राजेंद्र गोखरू ने सभी तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। मनीष बंब ने बताया की यात्रा का शुभारंभ आज शनिवार को प्रातः 10:30 बजे जयपुर रेलवे स्टेशन से होगा। यात्रा का आयोजन जेएसजी ग्रुप टोपाज के द्वारा प्रमोद दरडा की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है। यह यात्रा गया, बोधगया, पावापुरी, नालंदा, राजगीर, गुनियाजी, कुंडलपुर, रिजु बालिका इत्यादि स्थानों से होते हुए सम्मेद शिखर पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन 17 मार्च को झारखंड से वापस होगी और 18 मार्च को पुन जयपुर पहुंचेगी। जैन सोशल ग्रुप द्वारा सभी 1368 यात्रियों की स्पेशल ट्रेन बुक की गई. ट्रेन की यात्रा के साथ वहां रहना और खाना भी इन्ही की तरफ से रहेगा. स्पेशल ट्रेन की रवानगी के दौरान सम्मेद शिखर पहुंचने पर पूर्व संध्या में भजन संध्या आयोजित होगी ।यात्रा को जयपुर रेलवे स्टेशन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, घनश्याम तिवारी, रामचरण बौहरा, पुनीत कर्णावत एव जैन समाज के विशिष्ठ अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे। ग्रुप के सचिव अजय नाहर, उपाध्यक्ष निर्मल खजांची, कोषाध्यक्ष प्रदीप सांखला, भागचंद बंब, ललित डोसी, ललित लोढ़ा, प्रमोद सिंघवी, अंकुश डांगी, पियूष खमेसरा, पुष्पा गोखरू, चंदा कोठारी, अलका बंब, मनीषा खजांची, मधु लोढ़ा आदि उपस्थित थे।

# ज्ञानार्जन हेतु ज्ञान मंदिरों की आवश्यकता है : स्वस्तिभूषण



## मां स्वस्ति इंटरनेशनल स्कूल की आधारशिला रखी गई

**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

**मुरेना।** वर्तमान में ज्ञान के क्षेत्र में होड़ चल रही है। अपने बच्चों के भविष्य को लेकर माता पिता काफी चिंतित रहते हैं। आजकल शिक्षा का व्यवसायीकरण ही गया है । वर्तमान में स्कूलों में मात्र लौकिक शिक्षा दी जाती है ।बच्चों को धार्मिक शिक्षा और संस्कारों से दूर रखा जाता है । आजकल बच्चें पढ़ लिखकर मशीनी मानव बन रहे हैं, उनकी संवेदनाएं शून्य रहती हैं । पुराने समय में राजा महाराजा हो या कोई साधारण व्यक्ति सभी की शिक्षा घर से दूर गुरुकुलों में होती थी ।गुरुकुलों में बच्चों को लौकिक शिक्षा के साथ साथ संस्कारवान और गुणवान बनाया जाता था। वर्तमान में मंदिरों को हम अधिक महत्व दे रहे हैं ।जबकि हमें भगवान के मंदिरों के साथ साथ ज्ञानार्जन हेतु स्कूलों की स्थापना भी करना चाहिए। उक्त विचार स्वस्तिधाम प्रणेत्री गुरुमां गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने जैन बगीची में मां स्वस्ति इंटरनेशनल स्कूल के शिलान्यास समारोह के अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। जैन साध्वी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण ने कहा कि श्री गोपाल दिगम्बर जैन संस्क्रत महाविद्यालय मुरेना का 125 वर्ष पुराना विद्यालय है ।इस विद्यालय में अनेकों मुनियों, विद्वानों ने शिक्षा ग्रहण कर पूरे भारत में यश प्राप्त किया है। आज इसी संस्था के अंतर्गत मां स्वस्ति इंटरनेशनल स्कूल की आधार शिला रखी जा रही है ।इस स्कूल में बच्चों को लौकिक शिक्षा के साथ साथ धर्म एवं संस्कारों का बीजारोपड़ भी किया जाएगा। शिलान्यास समारोह के शुभारम्भ में मंगलाचरण एवं अथितियों द्वारा चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलित किया गया गया। मां स्वस्ति इंटरनेशनल स्कूल की मुख्य आधारशिला इंडियन वूमेन सूरत के डायरेक्टर सुनील जैन ने रखी ।द्वितीय आधार शिला रखने का सौभाग्य अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन को प्राप्त हुआ। आदिनाथ साड़ी सूरत के महेशचंद जैन ने तृतीय आधार शिला रखीं। कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन आगरा ने किया। प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार निशांत एवं राकेश भूरा पंडित जी ने मंत्रोंचारण के साथ सभी क्रियाओं को सम्पन्न कराया । वाहर से पधारे हुए अथितियो द्वारा पूज्य गणिनी आर्यिका श्री लक्ष्मीभूषण, श्री स्वस्तिभूषण, श्री अंतसमती माताजी के चरणों में श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।मुरेना ज्ञानतीर्थ पर चातुर्मास करने हेतु योगेश जैन (खतौली वाले) के नेतृत्व में ज्ञानतीर्थ परिवार एवं सकल जैन समाज द्वारा समस्त आर्यिका संघ को श्रीफल अर्पित किया ।धौलपुर, शिवपुरी सहित अन्य स्थानों से आये हुए गुरुमां के भक्तों ने चातुर्मास हेतु श्रीफल अर्पित किया ।शिलान्यास समारोह में जयपुर से रमेश ठोलिया, चेतन जैन, सुवोध जैन, विनोद जैन आगरा दिगम्बर जैन परिषद के अध्यक्ष श्री जगदीशचंद जैन, अतिशय क्षेत्र पदमपुरा के अध्यक्ष सुधीर जैन, मंत्री हेमंत जैन, शिवपुरी समाज के अध्यक्ष राजकुमार जैन जड़ी बूटी, सूरत, जयपुर, ग्वालियर, आगरा, शिवपुरी, बड़ौत, अम्बाह, जौरा, धौलपुर, डबरा सहित अनेकों स्थान से गुरुमां के भक्तजन मौजूद थे ।

# सन्तों का पदमपुरा की और विहार, आज होगा भव्य मंगल प्रवेश



## कल 12 मार्च को होगा पद्म प्रभ महाअर्चना व विश्व शान्ति महायज्ञ का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान द्वारा पदमपुरा कमेटी के सहयोग से पदमपुरा में आयोजित होने वाले रविवार के भव्य धार्मिक महोत्सव के सानिध्य हेतु आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महाराज के आठ शिष्य मुनि श्री ज्ञाना नन्दजी श्री संयमा नन्दजी श्री श्रद्धा नन्दजी श्री शिवा नन्दजी श्री प्रशमा नन्दजी श्री पवित्रा नन्दजी ससंघ का मंगल प्रवेश आज शनिवार को प्रातः आठ बजे अहिंसा सर्किल पदमपुरा से गाजे बाजे व लवाजमे के साथ होगा । संघ के छ साधुओ का छोटा गिरनार से व दो साधुओ का जयपुर से पदमपुरा के लिए विहार हुआ । पदमपुरा कमेटी के मंत्री हेमन्त सोगानी व संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया की रविवार को महोत्सव में प्रातः 8.00 बजे से भव्य 66 मण्डल पर सौधर्मेंद्र के रूप में पूजन विधान व यज्ञ का भव्यातिभव्य संगीतमय धार्मिक आयोजन तथा मुनि श्री के अवतरण दिवस का विशेष आयोजन रखा गया है जिसमे जयपुर दिल्ली सलूंबर उदयपुर कोटडी दाहोद मेरठ आदि स्थानों से सैकड़ों मुनि भक्त सहभागिता करेंगे ।

# लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जाएगा

## हनुमानजी की आराधना में भजन संध्या में देर रात तक बही भक्ति की धारा, झूम भक्तगण

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया।**



भीलवाड़ा ।राम भक्त हनुमानजी की भजनों के माध्यम से भक्ति की ऐसी धारा बही कि उसके साथ सैकड़ो भक्त भी स्वयं को झूमने से नहीं रोक पाए। हर कोई हनुमंत भक्ति से स्वयं को जोड़ने के लिए आतुर हो उठा। भक्ति का ये अनुपम नजारा गुरूवार रात कारोई के श्रीसांवरिया हनुमान मंदिर के तीन दिवसीय तृतीय पाटोत्सव के पहले दिन आयोजित भजन संध्या में दिखा। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक भगवत सुथार एंड पार्टी द्वारा हनुमानजी महाराज की भक्ति से परिपूर्ण एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुति दी गई। मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गायत्री देवी त्रिवेदी एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। भजन संध्या की शुरूआत भगवान गणपति की वंदना से हुई। इसके बाद गुरू वंदना की गई। इसके बाद भजनों की ऐसी धारा प्रवाहित हुई कि श्रोता भक्ति रस से सराबोर हो गए। पिछले बीस वर्ष से भजन गायिकी के क्षेत्र में सक्रिय नाथद्वारा के कोशीवाड़ा निवासी गायक भगवत सुथार ने हनुमानजी महाराज की भक्ति में वीरा हनुमाना मति बलवाना, लगत तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जाएगा जैसे भजन प्रस्तुत कर भक्तों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। भगवान राम की स्तुति में चौपाईयां राम सियाराम, सियाराम जय जय राम की प्रस्तुति ने माहौल धर्ममय बना दिया। सांवरिया सेठ की आराधना में भजन सांवरियों हो सेठ म्हारी राधा सेठानी की प्रस्तुति दी गई। आयोजन के दौरान भैरूजी महाराज की आराधना में भी भजन की प्रस्तुति दी गई। भजन संध्या का भक्तिमय संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया। भजन संध्या के दौरान सहयोगी गायक उमेश पुरोहित रहे। भजन संध्या की प्रस्तुति देने वाली टीम में विनोद पालीवाल, कैलाश कुमार, प्रवीण भाट, कमल कुमावत आदि शामिल थे।